राजकीय ई–मेल

कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ 6( )2022 / कार्मिक–विविध / प्रमुवसं–03116 / दिनांक :

निमित्त,

समस्त वनाधिकारी।

विषय :– वनरक्षक के रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा पर होमगार्ड को वर्ष 2024–25 (31.03.2025 तक) में नियोजित किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संयुक्त शासन सचिव, वित्त (व्यय–3) द्वारा विभाग की ई–पत्रावली पर वन विभाग में पर्याप्त मात्रा में कर्मचारी नही होने के कारण वनरक्षक के रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा पर होमगार्ड एवं वाहन चालकों के रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा आधार पर वाहन चालकों को वर्ष 2024–25 (31.03.2025 तक) हेतु लगाये जाने की वित्त विभाग की आई.डी. संख्या 172300853 दिनांक 01.05.2023 के द्वारा लगाये जाने हेतु सहमति प्रदान करने के उपरांत इस कार्यालय के आदेश कमांक 18 दिनांक 03.04.2024, 171 दिनांक 08.04.2024, 226 दिनांक 22.04.2024, 269 दिनांक 02.05.2024 एवं 327 दिनांक 14.05.2024 द्वारा वनरक्षक के रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा पर होमगार्ड को वर्ष 2024–25 (31.03.2025 तक) में नियोजित किए जाने हेतु आवंटन किया गया था।

उक्त आवंटन

1. कार्यालय द्वारा इस राशि को व्यय करते समय राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देश, तत्संबंधी नियमों, परिपत्रों एवं निर्धारित प्रक्रिया की पूर्ण पालना किया जाना सुनिश्चित किया जावेगा।
2. **यह स्वीकृति रिक्त पदों पर नियमित भर्ती होने अथवा दिनांक 31.03.2025, जो भी पहले हो, तक प्रभावी रहेगी।**
3. वर्तमान में देश में लोकसभा चुनाव 2024 होने के दृष्टिगत प्रभावी आदर्श आचार संहिता की पालना अपने स्तर पर किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

की शर्तों के अध्यधीन प्रदान की गई थी

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा वनरक्षक सीधी भर्ती परीक्षा–2020 में अंतिम रुप से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति हेतु कार्यालय आवंटन किया जा चुका है।

अतः उपरोक्त तथ्यों के मध्यनजर अब आप वनरक्षक के रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा पर होमगार्ड आपके कार्यालय में वनरक्षक के वर्तमान में रिक्त पदों तक ही नियोजित किया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(अरिजीत बनर्जी)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख)
राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ 6( )2022 / कार्मिक–विविध / प्रमुवसं–03116 / दिनांक :

प्रतिलिपि उप वन संरक्षक, सूचना एवं प्रोद्योगिकी, कार्यालय हाजा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

(बृज मोहन गुप्ता)
उप वन संरक्षक (अराज.प्रस्था.)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक
राजस्थान, जयपुर

Document certified by ARIJIT BANERJEE <ariban@gmail.com>.

Digitally Signed by ARIJIT BANERJEE
Designation : Principal Chief Conservator Of Forest
Date :04-10-2024 09:27:30

RajKaj Ref No.: 10885066

4/10/24